






RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

हिन्दी मासिक

# माली सैनी सन्देश

जोधपुर

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

वर्ष : 13 | अंक : 168 | 29 जून, 2019 | मूल्य : 20/-





माली संस्थान जोधपुर द्वारा निर्माणाधीन "आरोग्य भवन"

ऐम्स में आने वाले मरीजों एवम् परिजनों के लिए ठहरने हेतु आधुनिक सुविधा युक्त भवन





## सांचौर में नव निर्मित "छात्रावास भवन"

## समाज के सभी दानदाताओं एवं भामाशाहों का आभार अभिनन्दन

## समाज की होनहार प्रतिभाएं

# खेतीबाड़ी करते, बिना कोचिंग दिव्या ने रचा इतिहास




जोधपुर। तिंवरी के मथानियां निवासी माणकराम गहलोत की पुत्री दिव्या गहलोत ने साबित कर दिया कि प्रतिभा सुविधाओं की मोहताज नहीं होती है। बालरवां स्थित भगवान आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय में पढ़ने वाली 12वीं कला वर्ग की छात्रा दिव्या ने 97.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। सामान्य परिवार में रहकर एवं फार्म हाउस पर माता पिता की सहायता करने के बाद भी दिव्या ने लगन से पढ़ाई की और यह मुकाम हासिल किया जिसका श्रेय उसने अपने माता पिता, गुरूजनों एवं विद्यालय परिवार को दिया।

स्कूल के पूर्व में भी ज्योति परिहार के रूप में राज्य स्तरीय मैरिट दे चुका है और अब दिव्या के इस परिणाम से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है तथा लोग माला और मिठाई लेकर दिव्या के घर पहुंचे और मुंह मीठा करवाकर बधाई दी। दिव्या का सपना प्रशासनिक सेवा में जाने का है।


हंसराज देवड़ा
94.5%


रेणु सैनी
97.33%


साक्षी सैनी
91.00%


सरोज सांखला
92.83%


तनु कुमारी सेनी
92.30%


मोहित सैनी
92.17%


मनीषा सोलंकी
95.50%


इंद्रा देवड़ा
91.33%


यहाना देवड़ा
96.83%


आदिती सांखला
90.67%


पवन सैनी
94.00%


अजीत माली
93.3%


विनीता सांखला
92.3%


कोमल सैनी
92.33%

### अन्य प्रतिभाएं

कोमल देवड़ा 94.45%
मर्शिता सैनी 96.17%
विमल सैनी 95.17%
प्रियंका बालान 95.33%
किशनलाल सैनी 96.17%
आशिष सैनी 93.3%

### NEET Exam - 2019 Selected Students


अनिल कुमार सैनी


हंसराज सैनी


प्रियंका सैनी


किशोर कुमार सैनी


सुरेंद्र कुमार सैनी

RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831 Postal Regd No. Jodhpur/463/2017-19

# माली सैनी सन्देश

• वर्ष :13 • अंक 168 • 29 जून, 2019 • • मूल्य : 20/- प्रति •

**माली सैनी संदेश पत्रिका के सम्मानीय माननीय संरक्षक सदस्यगण**



**श्रीमान रमेशचन्द्र कच्छवाहा**
(अध्यक्ष, ठेकेदार ऐसोसियेशन, नगर निगम जोधपुर)



**श्रीमान लक्ष्मण सिंह सांखला**
(समाजसेवी / भामाशाह)



**श्रीमान मोहनसिंह सोलंकी**
(उद्योगपति / समाजसेवी)




**श्रीमान नरपतसिंह सांखला**
( बिल्डर्स / समाजसेवी)



**श्रीमान ब्रह्मसिंह चौहान**
(जिला उपाध्यक्ष, भाजपा, जोधपुर)




**श्रीमान प्रदीप कच्छवाहा**
(उद्योगपति)



**श्रीमान नेमीचंद गहलोत**
(उद्योगपति / भामाशाह)



**श्रीमान भगवानसिंह गहलोत**
(उद्योगपति / भामाशाह)



**श्रीमान इंद्रसिंह सांखला**
(समाजसेवी)



**श्रीमान युधिष्ठर सिंह परिहार**
(व्यवसायी / समाजसेवी)



**श्रीमान (डॉ.) सुरेन्द्र देवड़ा**
(हृदय रोग विशेषज्ञ, एम्स)



**श्रीमान सुरेश सैनी**
(समाजसेवी)



**श्रीमान संपतसिंह कच्छवाहा**
(शिक्षाविद् / समाजसेवी)

## * सुविचार *

मनुष्य जीवन की समस्याएं अनेक...
उपाय सिर्फ एक, ईश्वर भक्ति...

प्रेस फोटोग्राफर
**जगदीश देवड़ा**
रितु स्टूडियो मो - 94149 14846

मार्केटिंग इंचार्ज
**रामेश्वर गहलोत**
मो - 94146 02415

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार हैं। किसी भी विचार के साथ सम्पादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्याय क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

# सम्पादक की कलम से ...

## सामाजिक एकजूटता के लिए विश्वसनीय बनना होगा



मनीष गहलोत

किसी भी संस्था, समाज सभा, संगठन, संघ, महासंघ, महासभा, परिषद, का निमार्ण एक दुसरे का विश्वास एवं दिल जीतकर समाज के उत्साहित, जागरूक, परोपेपकारी, जनसेवी, समाजसेवेवी लोगों का एक समूह के बिना संभव नहीं है। फिर कोई भी संस्था किसी उद्देश्य लक्ष्य कार्यक्रम को लेकर ही बनाई जाती है। बनाने वालों का आत्म विश्वास होता है, और इसी कारण संस्था बनने पर जो काम करती है, उसके पदाधिकारी एक दुसरे की टांग खिचांई जब-तक नहीं करते संस्था अपने उद्देश्यों लक्ष्यों को पाने हेतु कोई न कोई उपक्रम कार्यक्रम करती है। और जो कार्यक्रम होते है, यदि वे परोपकार-समाज सेवा की भावना से पदाधिकारीगण करते है उन्हें सभी का अपार सहयोग तन-मन-धन का मिलता रहता है, और बड़े से बड़े लक्ष्यों को पा सकते है। और पाने की लालसा से निरन्तर कुछ पदाधिकारी ईमानदारी से घर-बार की सेवा, देखभाल के साथ-साथ समाज सेवा करते हुऐ सम्मान भी पा रहे है। यह भी देखने में आता है कि जो भी पदाधिकारी अपनी वाहवाही अपने मान सम्मान अपनी महत्वकांक्षा के लिए करते है, उनको लम्बी अवधि तक सहयोगी लोग नेतागिरी स्वीकार नहीं कर पाते है। और एक न एक दिन ऐसे स्वार्थी तत्वों को भले ही पदाधिकारी बना लिया है या बन गया है। चाहे चुनाव से या आपसी सहमति से किन्तु ऐसे लोगों की स्वीकार्यता पर सन्देह उत्पन्न हो जाता है, और समय आने पर उन्हें संस्था के पद से अलग-अलग होना ही पड़ता है। कुछ अंहकारी अलग-अलग नई- नई संस्था बनाकर उससे जुडे लोग जब अलग होने लगते है, तब ऐसी संस्था बन्द सी हो जाती है, या घिसटती रहती है।

कोई भी संस्था बनने के बाद उसकी विश्वसनीयता बनाने हेतु उसे सरकारी विभाग से रजिस्टर्ड कराना ही चाहिये, फिर सरकारी लाभ पाने हेतु आवश्यक लेखा-जोखा बनाकर प्रतिवर्ष सभा में रखना जरूरी है, फिर आयकर विभाग में पंजीकृत कर आयकर की धाराओं के तहत लाभ पा सकते है। प्रतिवर्ष नियमानुसुसार शासन के विभाग को रिटर्न विधिवत रूप से भेजना जरूरी है। चाहे छोटी, मध्यम, वृहद कितनी ही बड़ी संस्स्था हो उसे लेखा जोखा से युक्त रखने का दायित्व पदाधिकारी होता है। और जहाँ विश्वास होता है, वहां सफलता मिलती है। फिर संस्स्था बनने के बाद सहमति से कार्यक्रम बनाकर समाज हितों की गतिविधियां करना पदाधिकारियों का दायित्व है यदि परोपकार के कार्य जनमानस के सामने आयेंगे तो तन-मन-धन से भरपुर सहयोग सहायता भी मिलती रहेगी, इसी कारण वर्षो पुरानी संस्थाओं द्वारा शिक्षण, प्रशिक्षण, संस्थान संचालित है। समाज हित के लिए हॉस्टल एवं शिक्षण संस्थाए बनाएं, स्वास्थ्य सेवा के केन्द्र बनाये सहकारी समितियां बनाकर परस्पर लाभ के कीर्तिमान स्थापित किये है। अनेकों संगठन युवक-युवति परिचय सम्मेलन आदर्श सामूहिक विवाह के सफल आयोजन करके समाज के हितों को आगे बढ़ा रहे है। समाज में व्याप्त कुरूतियां धीरे-धीरे समाप्त करने की दिशा में समाज सेवी पहल करते है। सामूहिक आयोजन से फिजुलखर्ची रूकती है, और जो धन बचता है, उससे परिवार की पीढ़ीयों को शिक्षित, प्रशिक्षित, उद्योग व्यापार में पूँजी लगाकर अपने परिवार का तो भला करते ही है, और समाज हितेषी कार्यो के लिए योगदान देने की भावना भी पनपती है, एक तो बचत होती है, दुसरी और समाज का सम्मान, उसका यश चँहु ओर फैलाता है। यह सब परस्पर विश्वसनीयता से ही संभव हो सकता है। जो समाज एकजूट है, वह सभी दिशा में आगे भी बढ़ रहा है, उसके समर्पित कार्यकर्ता सामाजिक सम्मान के साथ राजनैतिक वर्चस्व भी हासिल करते है। एकजूटता से आय हमें किसी न किसी व्यक्ति को अपना मुखिया स्वीकार करना ही होगा, और स्थानीय मुखिया बनाकर ये मुखिया गण कस्बा, तहसील, जिला, संभाग, प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर इसी विश्वसनीयता से अपनी एकजटूटता स्थापित कर सकते है, और कई समाज अपनी एकता की शक्ति प्रकट भी करते है। इसी कारण थोड़ी सी नाममात्र की जनसंख्ख्या वाले समाज सभी स्तर पर अगवानी राज कर रहे है। शासन प्रशासन पर कब्जा करने में सफल हो रहे है। जरा चिन्तन करिये अपना समाज बड़ी जनसंख्या में 12 प्रतिशत से अधिक होने पर भी समाज कार्यकर्ताओं की भागीदारी प्राय: शून्य तक वर्षो से बनी हुई है, क्या कारण है, हम एक दुसरे की आलोचना करते है, टाँग खिंचाई करते रहते है, सामूहिक एकजूटता बना कर जन शक्ति का परिचय नहीं देते है। धन, शक्ति का संचय ही नहीं करते, परस्पर योगदान क्यों नहीं करते शासन प्रशासन में क्यों पिछड़ रहे है। हमारी आवाज कहीं क्यों नहीं सुनाई देती है।

**सोचिये यदि हमारे बीच कोई विश्वसनीय व्यक्ति नीचे से राष्ट्रीय स्तर तक सामने आ जाये तो सामाजिक एकजूटता से सभी क्षेत्रों में आगे बढ़नें से कोई रोके नहीं सकता। करिये चिन्तन और एकजूटता बनाने हेतु विश्वसनीयता के साथ कार्यक्रम करिये जरूर सफलता मिलेगी।**

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ संपादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रंसगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

# ईमानदार एवं कर्तव्यनिष्ठ समाजसेवी मदनलाल सैनी नहीं रहे

## वरिष्ठ राजनैतिज्ञ भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष, राज्यसभा सांसद को अंतिम विदाई देने उमड़ें लोग





जिस दौर में लोग भाजपा का मतलब हार मानकर मजाक उड़ाते उस दौर में साइकिल से प्रचार करने वाले मदनलाल सैनी अब नहीं रहे। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदनलाल सैनी का (75) ने सोमवार को दिल्ली में अंतिम सांस ली। ईमानदारी और स्पष्टवादिता के लिए पूरी भाजपा में जाने माने वाले मदनलाल सैनी पिछले कई दिनों से बीमार थे। दो दिन पहले ही उनको जयपुर से दिल्ली ले जाया गया था।

23 जून रविवार को उनकी आंत का ऑपरेशन हुआ था। लेकिन सोमवार देर शाम उनकी मृत्यु हो गई। मार्च 2018 में सैनी राज्यसभा सांसद बने थे। इसके बाद सैनी को प्रदेशाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। जैसे ही सोमवार शाम को मदनलाल सैनी के निधन की सूचना मिली तो भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पूरे सीकर शहर में मायूसी छा गई। कार्यकर्ताओं का सैनी के राधाकिशनपुरा स्थित आवास पर लोगों का पहुंचना शुरू हो गया।

राज्यसभा सांसद व राजस्थान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन लाल सैनी की पार्थिव देह अंतिम दर्शनों के लिए मंगलवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय में लाया गया। यहां सुबह से ही उनके अंतिम दर्शन करने वालों का तांता लगा रहा। सीकर में शाम चार बजे अंतिम संस्कार से पूर्व उनकी पार्थिव देह जयपुर से सीकर के लिए रवाना होकर रास्ते में करीब 13 जगह रूकी तथा विभिन्न संस्थाओं एवं राजनैतिक पार्टियों के नेताओं एवं सर्व समाज के लोगों ने दिवगंत मदनलाल सैनी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। यहां जयपुर में भाजपा कार्यालय में विभिन्न दलों के नेताओं ने सैनी की पार्थिव देह पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी बीजेपी दफ्तर पहुंचकर सैनी के अंतिम दर्शन किए। गहलोत के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट, पूर्व मंत्री घनश्याम तिवाड़ी सहित कई नेता भी अंतिम दर्शन करने पहुंचे।

### ईमानदार छवि थी मदन लाल सैनी की

प्रदेश में राज्यसभा सांसद मदनलाल सैनी की छवि इमानदार और साधारण कार्यकर्ता की है। राज्य सांसद बनाते समय भी पार्टी कार्यकर्ताओं में यह संदेश गया था कि पार्टी साधारण कार्यकर्ताओं को बड़े पदों पर जाने का मौका देती है। मदनलाल सैनी को राजस्थान में भाजपा को खड़ा करने वाले नेताओं के रूप में जाना जाता है।

मदनलाल सैनी सीकर दौरे पर आखिरी बार नौ जून को आए। इस दौरान उन्होंने फतेहपुर में कई विकास कार्यो का शिलान्यास किया। कार्यकर्ता व संगठन पदाधिकारियों से चर्चा करते कहा कि आगामी समय सदस्यता का है, इसलिए सभी कायकर्ताओं को मन से जुडकर काम करना होगा। उन्होंने कहा था कि सीकर का रहने वाला हूं इसलिए यहां की धरती सदस्यता में भी टॉप पर रहनी चाहिए। गाड़ी में बैठते समय भी कहकर गए थे सदस्यता की बैठक लेने आऊंगा। लेकिन बीमारी के कारण सदस्यता की बैठक में नहीं आ सके।

### बस में सफर करना था पसंद

सैनी संगठन के जमीन से जुड़े कार्यकर्ता रहे हैं। सादगी पर हर कोई चर्चा करता रहा है। सैनी जयपुर से सीकर आते समय अधिकतर राजस्थान रोडवेज में सफर करते हैं। कई बाद कार्यकर्ताओं के आग्रह पर भी अपने निजी वाहन की बजाय सैनी बस में ही सफर पसंद करते रहे हैं।

### पीएम मोदी के साथ स्कूटर पर जाते थे प्रचार करने

विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान अजमेर रैली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि मदनलाल सैनी बहुत पुराने नेता है। जब मैं राजस्थान में संगठन के काम से आता था तो मदनलाल सैनी और मैं स्कूटर से घूमकर प्रचार करते थे। पीएम ने कहा था इतनी सादगी भरी जिदंगी जीने वाला व्यक्ति मैंने कभी जीवन में नहीं देखा। बता दें कि मदन लाल सैनी छह भाइयों में सबसे बड़े हैं। बेटा मनोज जयपुर हाईकोर्ट में वकालत करता है। छह बेटियां हैं। राज्यसभा सदस्य बनने से पहले वे अधिकतर सफर रोडवेज बस में ही करते रहे हैं।

**जीवन परिचय** : राजस्थान के सीकर शहर की पुरोहितजी की ढाणी निवासी मदन लाल सैनी का जन्म 13 जुलाई 1943 में हुआ था। दसवीं कक्षा में थे तब झुंझुनूं जिले के नवलगढ़ की गुमानाराम की ढाणी

निवासी पतासी देवी से उनकी शादी हुई थी। मदनलाल सैनी के 6 पुत्रियां एवं 2 पुत्र है।

– मदनलाल सैनी 1952 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक से जुड़े थे। बाद में लगातार संघ के विभिन्न संगठनों में सक्रिय रहे। एबीवीपी के प्रदेश मंत्री भी रहे हैं।

– वर्ष 1975 तक वकालत के पेशे से जुडने के बाद आपातकाल में जेल में भी रहे। संघ की ओर से सैनी ने भारतीय मजदूर संघ में प्रदेश महामंत्री व अखिल भारतीय कृषि मजदूर संघ के राष्ट्रीय महामंत्री का दायित्व निभाया।

– 1990 में झुंझुनूं के उदयपुरवाटी विधानसभा से विधायक रहे तथा 1991 व 1996 में लोकसभा में भाजपा के झुंझुनूं से प्रत्याशी रहे।

– भाजपा में प्रदेश महामंत्री व अनुशासन समिति के सदस्य भी रह चुके हैं।

– भाजपा में प्रदेश महामंत्री व अनुशासन समिति के सदस्य भी रह चुके हैं। वर्तमान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के प्रदेश प्रभारी रहे।

– सैनी संगठन के जमीन से जुड़े कार्यकर्ता रहे हैं। सादगी पर हर कोई चर्चा करता रहा है। सैनी जयपुर से सीकर आते समय अधिकतर राजस्थान रोडवेज में सफर करते थे।

महामंत्री व अखिल भारतीय कृषि मजदूर संघ के राष्ट्रीय महामंत्री का दायित्व निभाया।

**सैनी के निधन पर समाज में एक शोक की लहर व्याप्त :**

अनेकों संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं समाज के प्रबुद्वजनों ने अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि मदन लाल सैनी सही अर्थों में एक गांधीवादी नेता थे। सैनी ने कभी अपने स्वयं के हित के लिए सत्ता का दुरूपयोग नहीं किया। सैनी गरीबों के हितेषी तथा उनके कल्याण के लिए हमेशा अपने जीवन को न्योछावर करने के लिए तैयार रहते थे एवं माली समाज व भारतीय सभ्यता और संस्कृति के उदभव और विकास के लिए सदा प्रयत्नशील रहे। आदरणीय सैनी के चले जाने से माली सैनी समाज के साथ प्रदेश को भी बहुत बड़ी क्षति हुई है जिसकी पूर्ति करना असंभव है। सैनी ने हमेशा समाज के अंदर व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने एवं समाज को एकता के सूत्र में बांधने का प्रयास किया। राजस्थान में माली सैनी समाज आपके कार्यों का सदैव ऋणी रहेगा हम सब परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करते है कि परमात्मा आपको अपने चरणों में स्थान दे व परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# पूर्व अध्यक्ष समाज सेवी स्व. श्री ओम तंवर की तृतीय पुण्यतिथि पर समाज ने किया याद



जयपुर। दिनांक 2 जून को जयपुर फल व सब्जी थोक विक्रेता संघ की और से प्रात 10 बजे मुहाना मंडी परिसर मे पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय श्री ओम तवंर जी की तृतीय पुण्यतिथि के कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम मुहाना मडी के ओम तवंर सब्जी ब्लाक मे हुआ कार्यकम मे भारतीय जनता पाटी के प्रदेश और सांसद अध्यक्ष मदन लाल सैनी राजस्थान सरकार के जलदाय एवं ऊर्जा मंत्री बी. डी. कल्ला परिवहन सैनिक कल्याण मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावस दूदू विधायक बाबू लाल नागर उपस्थित थे।

इस अवसर पर भारतीय जनता पाटी के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद मदन लाल सैनी ने कहा तंवर हमेशा से ही किसानों व्यापारियों और मजदूरो के लिये संघर्ष किया है समाज के हर वर्ग के साथ निस्वार्थ भाव से लग जाते थे। कार्यक्रम राजसथान सरकार के ऊर्जा एंव जलदाय मंत्री बी. डी. कल्ला ने कहा तंवर का मडियो के विकास मे बहुत योगदान रहा है वह किसानो मजदूरो के मसीहा के रूप मे जाने जाते थे। परिवहन व सैनिक कल्याण मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावस ने कहा ओम तंवर जी जमीन से जुड़े व्यक्ति थे तंवर ने हमेशा से ही मेहनतकशो लोगों की आवाज बनकर संघर्ष किया है। दूदू विधायक बाबू लाल नागर ने कहा कि ओम तंवर सरल व सहज व्यक्तित्व के धनी थे वह दूसरों के दुख को अपना दुख मानकर लोगों की मदद करते थे उनका जीवन प्रेरणा दायीं रहा है, वह समाजिक समरसता के प्रतीक थे।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री बृज किशोर शर्मा, के. के. हरितवाल, रतन खडौलिया, छुटटन लाल, फूल वाले जसवंत गुर्जर, सुरेश सैनी, आर. आर. तिवाड़ी, किशोर कुमार टाक, दुर्गा लाल सैनी, जतिन सैनी आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे तथा बड़ी संख्या मे व्यापारीगण, किसान व समाज बन्धुओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर मोहन बालोदिया एंड पाटी की तरफ से शानदार भजनों की प्रस्तुति दी गयी। जयपुर फल व सब्जी थोक विक्रेता संघ के अधयक्ष राहुल तवंर ने सभी अतिथियों व आगंतुको का आभार प्रकट कर धन्यवाद दिया।



# रविन्द्रकुमार कुशवाहा दो बार माउंट एवरेस्ट फतह करनेवाले देश के पहले IAS बनें



बिहार के लाल और उत्तर प्रदेश कैडर के आईएएस रवींद्र कुमार देश के पहले आईएएस हो गये हैं, जिन्होंने माउंट एवरेस्ट की चोटी पर दूसरी बार फतह हासिल की है। आईएएस रवींद्र कुमार बिहार के बेगूसराय जिले के चेरियाबरियारपुर प्रखंड के बसही गांव निवासी शिवनंदन प्रसाद सिंह जी के पुत्र हैं. इससे पहले उन्होंने वर्ष 2011 में आईएएस बनने के दो साल बाद वर्ष 2013 में माउंट एवरेस्ट पर फतह हासिल की थी. माउंट एवरेस्ट पर फतह हासिल करने की सूचना ट्वीट कर उन्होंने दी है.

### बेगूसराय के छोटे से गांव से निकले रवींद्र कुमार

रवींद्र कुमार का जन्म बिहार के बेगूसराय जिले के चेरियाबरियारपुर प्रखंड के बसही गांव में हुआ था. प्रारंभिक शिक्षा बेगूसराय में हुई. उसके बाद झारखंड की राजधानी रांची के जवाहर विद्या मंदिर सहित कई विद्यालयों में उन्होंने शिक्षा ग्रहण की। प्लस टू की शिक्षा पूरी करने के बाद वर्ष 1999 में आईआईटी की प्रवेश परीक्षा पास की। हालांकि, उन्होंने शिपिंग में कैरियर चुनते हुए मुंबई स्थित ट्रेनिंग शिप चाणक्य से जुड़ गये और वर्ष 2002 में नॉटिकल साइंस में ग्रेजुएशन की डिग्री प्राप्त की। इसके बाद पेंटागन मरीन सर्विस कंपनी में कार्य करते हुए प्रबंधकीय रैंक के अधिकारी के रूप में प्रोन्नत हुए। वर्ष 2009 में नौकरी छोड़ कर दिल्ली आ गये। बाद में वर्ष 2011 में उन्होंने आईएएस चुन लिये गये।

### मिल चुके हैं कई अवॉर्ड

रवींद्र कुमार को वर्ष 2013 में एलवी रेड्डी अवॉर्ड, 2014 में विशेष खेल सम्मान व सिक्किम खेल रत्न अवॉर्ड, वर्ष 2016 में काश्ती रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है

### माउंट एवरेस्ट के रोमांच पर लिखी है पुस्तक

रवींद्र कुमार कुशवाहा ने माउंट एवरेस्ट की अपनी यात्रा के रोमांच को पुस्तक का रूप प्रदान करते हुए 'मेनी एवरेस्ट' नामक पुस्तक लिखी. पुस्तक में सपनों के हकीकत में बदलने की प्रेरणादायक यात्रा का जिक्र करने के साथ–साथ यात्रा की जानकारी और परेशानी का भी जिक्र किया है. पुस्तक का विमोचन वर्ष 2016 में नयी दिल्ली में आयोजित एक समारोह में किया गया था।

# पुरे देश में सामाजिक एकता की मिशाल बना माली समाज सुरसुरा गांव इनसे प्रेरणा ले



सुरसुरा, अजमेर। समाज के लिए कल का दिन विशेष महत्वपूर्ण रहा जब सुरसुरा गांव, तहसील रूपनगढ, जिला अजमेर में जंहा मात्र 200 घर समाज के जिन्होंने महापुरुषों का सपना साकार किया है तथा सामाजिक विकास व जागरूकता की पूरे भारतवर्ष में मिशाल पेश की है।

जो काम राजस्थान के अजमेर, सीकर, उदयपुर आदि बड़े–बड़े जिलों में नहीं हो सका जहाँ समाज के दस दस हजार परिवार निवास करते हैं तथा समाज के 10–10, 12–12 पार्षद, मेयर व राज्यसभा सांसद, बड़े बड़े अधिकारी, व्यापारी व उद्योगपति रहते हैं, वो काम एक छोटे से ग्राम में रहने वाले 200 घरों ने मिलकर कर दिखाया है और पूरे भारतवर्ष में अनुकरणीय मिशाल पेश की है।

समाज के 200 घरों वाले सुरसुरा समाज बंधुओं ने महापुरुषों के बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लेकर छात्रावास बनाने का निर्णय लिया जिसके लिए प्रत्येक घर प्रति माह 100 रूपये का आर्थिक सहयोग तथा किसी परिवार में बच्चा पैदा होने पर व पुत्र विवाह में 500 रूपये का आर्थिक सहयोग करने का निर्णय लिया। इस प्रकार से छात्रावास निर्माण के लिए 12लाख रूपये इकट्ठे किये तथा 11 लाख रूपये विधायक फण्ड से लिए साथ में सरकार से श्री महात्मा ज्योतिबा फुले माली (सैनी) समाज समिति, सुरसुरा के नाम से दो बीघा जमीन छात्रावास के लिए निशुल्क अलॉट करवाई जिसका कल नींव पूजन किया गया ।

उल्लेखनीय है कि अजमेर जिले का यह पहला छात्रावास बन रहा है जहाँ मात्र समाज के 200 घर है जिन्होंने आपसी सामाजिक एकता व जागरूकता का परिचय दिया है ।'

राजस्थान माली सैनी समाज सुरसुरा समाज बंधुओं को कोटि–कोटि साधुवाद प्रेषित करता है, राजस्थान के सभी सम्माननीय समाज बंधुओं से अपील करता है कि अपनी और से निर्माणाधीन छात्रावास में समाज के शैक्षणिक विकास के लिए एक ईंट का दान अवश्य करें। यह सहयोग राशि श्री महात्मा ज्योतिबा फुले माली समाज समिति, सुरसुरा (अजमेर) के बैंक खाते में सीधे जमा करायें और सुरसुरा समाज बंधुओं से प्रेरणा लेकर अन्य स्थानों पर भी ऐसे समाज के शैक्षणिक विकास के कार्य शुरू करने की अपेक्षा करता है ।

**छात्रावास बैंक खाता संख्या**
श्री महात्मा ज्योतिबा फुले माली समाज समिति, सुरसुरा
A/c No. : 43130100007798
BANK OF BARODA, SURSURA BRANCH, AJMER
IFSC CODE : BARB0SURSUR (पांचवा अक्षर जीरो (0)है)
**श्री प्रेमचंद सैनी, समिति अध्यक्ष 9929021763**

### संत शिरोमणि श्री लिखमीदास जी महाराज स्मारक विकास संस्थान, नागौर

# कार्यकारिणी मिटिंग में तृतीय पाटोत्सव के लाभार्थियों की घोषणा





संत शिरोमणि श्री लिखमीदास जी महाराज स्मारक विकास संस्थान अमरपुरा, नागौर कार्यकारिणी की एक दिवसीय बैठक अमरपुरा धाम में संपन्न हुई । संस्थान के अध्यक्ष व पूर्व मंत्री राजेंद्र गहलोत के सानिध्य में आयोजित इस बैठक में भामाशाह व सामाजिक कार्यकर्ता बलदेव सैनी, जयपुर तथा नगर परिषद नागौर के सभापति कृपाराम सोलंकी विशिष्ट अतिथि के रूप में विराजमान थे।

कार्यकारिणी की बैठक में सर्वप्रथम महासचिव राधाकिशन तंवर ने गत संपन्न कार्यकारिणी बैठक के प्रस्तावों का वाचन करके उनकी पुनः पुष्टि कार्यकारिणी से करवाई तथा मंचस्थ अतिथियों व कार्यकारिणी सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया। बाद में संस्थान अध्यक्ष राजेंद्र गहलोत ने अपने संबोधन में कहा कि अमरपुरा धाम स्थित स्मारक व निज मंदिर का निर्माण कार्य अंतिम चरण में हैं। केवल निज मंदिर में फिनीसिंग व फर्श का कार्य शेष रहा है जो लिखमीदासजी महाराज की जन्म जयंती दिवस गुरु पूर्णिमा तक पूर्ण हो जाएगा। इसके पश्चात इस क्षेत्र को आध्यात्मिक व शैक्षिक दृष्टि से प्रतिष्ठित करने की जिम्मेदारी सभी समाज बंधुओं को लेनी चाहिए ऐसी संस्थान की ओर से अपेक्षा है ।

संस्थान के उपाध्यक्ष मोतीबाबा सांखला ने कहा कि अमरपुरा धाम में इस स्मारक स्थापना व मंदिर निर्माण के बाद सैनिक क्षत्रिय माली सैनी समाज में अत्यधिक जागृति का अनुभव किया गया। साथ ही समाज इस धार्मिक ,आध्यात्मिक तथा सांस्कृतिक दृष्टि से भाव जागरण के कारण से आर्थिक रूप से भी संबल हो रहा है। इन सारी परिस्थितियों का उपयोग हमें समाज के जरूरतमंद परिवारों व प्रतिभाशाली विद्यार्थियों में करना चाहिए। उन्होंने समाज जीवन में गुरुकुल, पीपाड़ व जोधपुर में चलने वाली निशुल्क संस्थाओं में अग्रणी कार्यकर्ताओं का भी सम्मान करने का आग्रह किया।

कार्यक्रम में कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम सोलंकी अधिवक्ता बाड़मेर, भोमाराम पंवार, बाबूलाल परिहार, पारसमल परिहार, धर्मेन्द्र सोलंकी के साथ साथ कृपाराम गहलोत, दौलत भाटी, मनोहर परिहार, जसवन्त गहलोत ने भी अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में संस्थान कोषाध्यक्ष कमल भाटी ने आय व्यय ब्योरा भी प्रस्तुत किया तथा धाम परिसर में व्यवस्था की दृष्टि से अनेक सुझाव रखते हुए उसे क्रियान्वित करने पर बल दिया। बैठक में संत शिरोमणि लिखमीदासजी महाराज की जयंती गुरु पूर्णिमा 16 जुलाई को अधिकतम स्थानों पर मनाने का भी आह्वान किया गया। साथ ही गुरु महाराज की पुण्यतिथि बरसी शुक्रवार 20 सितंबर को भी अमरपुरा धाम परिसर में आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया गया। कार्यकारिणी द्वारा तृत्तीय पाटोत्सव रविवार 1 दिसंबर से 5 दिसंबर तक भी मनाने का निर्णय लिया गया जिसमें 1 दिसम्बर को राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह दिव्य व भव्य रूप से मनाने का प्रस्ताव पारित किया गया।

इस कार्यक्रम के निमित्त नागौर के माली सैनी समाज के कार्यकर्ता बालकिशन भाटी को संयोजक का दायित्व सौंपा गया। कार्यकारिणी द्वारा राज्य स्तर पर शिक्षाविदों की समिति बनाकर व्यवस्था समिति का गठन करके प्रतिभा आधार तय करने का प्रस्ताव लिया गया। बैठक में इसके निमित्त संबंधित समाज बंधुओं को 1 नवंबर तक अपनी अंक तालिका व चयन सूची भेजने का भी निर्णय किया गया। बैठक में सुखराम सोलंकी, गोविंदराम टाक, मोहनसिंह भाटी, रमेश सोलंकी, जगदीश सोलंकी, पन्नालाल सोलंकी, रामविलास सांखला, मनोहर सांखला, मुरली सोलंकी, रामकुमार सोलंकी, बजरंग सांखला सहित अनेक समाज बंधु भी उपस्थित थे। इससे पूर्व संस्थान पदाधिकारियों व समाज बंधुओं द्वारा महाआरती में भी सहभागिता व्यक्त की गई।


**तृतीय पाटोत्सव में यह रहेंगे लाभार्थी :**

दिसंबर माह के प्रथम सप्ताह में अमरपुरा धाम में होने वाले तृतीय पाटोत्सव में विभिन्न व्यवस्थाओं में समाज बन्धु अधिकतम बोली लगा कर के पुण्य का लाभ प्राप्त करेंगे। इसमें राणाराम गताराम गहलोत बाड़मेर पेयजल व्यवस्था, गुमानाराम गहलोत, भीकाला चेनार चाय नाश्ता की व्यवस्था, रामविलास संपतलाल सोलंकी नागौर अखंड ज्योति की व्यवस्था, केराराम रावतराम राणीदेशीपुरा सिवाना, बाड़मेर निमंत्रण पत्रिका व्यवस्था के, जगदीश प्रसाद दीपक भगाराम गहलोत राठौड़ी कुआं साउंड व्यवस्था, जेठाराम खेमाराम कच्छावा बालोतरा बाड़मेर साफा माला पुष्प दुपट्टा व्यवस्था, केवलराम भाई सुरेश बाबू सोलंकी सिवाना, बाड़मेर लाइट व्यवस्था के लाभार्थी रहेंगे। वही कानाराम सांखला सांखला कलर में द्वारा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के निमित्त निशुल्क फोटो उपलब्ध करवाई जाएगी तथा लाइव प्रसारण के साथ साथ एलईडी सुविधा भी उपलब्ध करवाएंगे। कार्यकारिणी द्वारा भोजन, टेंट, स्मृति चिह्न, प्रोत्साहन राशि के लाभार्थियों की घोषणा गुरु पूर्णिमा महोत्सव तथा पुण्य तिथि के अवसरों पर अधिकतम बोली वाले समाज बंधुओं के नाम से करने का निर्णय लिया गया।

माली संस्थान जोधपुर द्वारा प्रशासनिक सेवाओं हेतु नई दिल्ली में विशेष कोचिंग एवं छात्रावास की सुविधा

# समाज के IAS, RAS, IFS की कोचिंग हेतु टेलेण्ट सर्च में सैकड़ों स्टूडेंट्स ने लिया भाग

## जोधपुर में समाज के विद्यार्थियों हेतु अति आधुनिक लाईब्रेरी मे एडमिशन के साथ छात्रावास में प्रवेश आरंभ



जोधपुर। माली संस्थान जोधपुर द्वारा अखिल भारतीय महात्मा ज्योति बा फूले प्रशिक्षण केन्द्र के तत्वावधान में समाज के विद्यार्थियों को प्रशासनिक तैयारी करवाने के लिए पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाज के योग्य विद्यार्थियों हेतु IAS, RAS, IFS बनाने हेतु टैलेंट सर्च एग्जाम का 9 जून को सुमेर स्कूल में दोपहर 1 बजे आयोजित किया गया।

माली संस्थान अध्यक्ष पुखराज सांखला ने बताया कि टेलेण्ट सर्च एग्जाम के लिए राजस्थान के विभिन्न जिलों से सैकड़ों स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। इसमें सफल विद्यार्थियों को मैरिट के आधार चयन कर दिनांक 30 जून, 19 को जयपुर में आयोजित होने वाले इंटरव्यु एवं दिए गए दो विषयों पर निंबध के अधार पर चयनित किया जाएगा इसके बाद योग्य चयनित स्टूडेंट्स को नई दिल्ली में कोचिंग के लिए स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी।

चयनित सभी विद्यार्थियों को हॉस्टल के साथ ही अन्य सुविधाएं भी संस्थान द्वारा नई दिल्ली में उपलब्ध कराई जाएगी। पुखराज सांखला ने बताया की प्रशासनिक क्षेत्र में समाज के चयनित विद्यार्थियों को लाभान्वित करने की भविष्य की योजना के तहत संस्थान द्वारा नई दिल्ली के पास गुड़गांव में अति आधुनिक हॉस्टल का निर्माण करवाया जाएगा, जहां विद्यार्थियों को हास्टल की सुविधा के साथ ही अति आधुनिक कम्प्यूटर युक्त लाईब्रेरी भी उपलब्ध करवाई जाएगी।

इसके साथ ही जोधपुर संभाग के विद्यार्थियों हेतु अति आधुनिक लाईब्रेरी में भी एडमिशन शुरू हो गए है। समाज के दसवीं एवं बाहरवीं पास विद्यार्थी जो कि अपनी ग्रेजुएशन जोधपुर से करेंगें, उन्हें ही इस लाइब्रेरी में प्रवेश दिया जाएगा। उन सभी विद्यार्थियों को योग्यता के आधार पर पढ़नें की एनसीआरटी लेवल तक की इंग्लिश एवं गणित की विषयों की पढ़ाई भी विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा करवाई जाएगी।

साथ ही विद्यार्थियों के सर्वांगिण बोद्धिक विकास के लिए सप्ताह के प्रत्येक रविवार को पर्सनलिटी डेवलोपमेन्ट की विशेष कक्षा का आयोजन भी किया जाएगा। लाइब्रेरी में कम्प्यूटर, प्रोजेक्टर की सुविधा भी विद्यार्थियों को उपलब्ध होगी। लाईब्रेरी में पढ़ाई के लिए चयनित विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन की पढ़ाई के साथ ही आधुनिक शिक्षा की जानकारी हेतु विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जिससे यह विद्यार्थी भविष्य में प्रशासनिक सेवा IAS, RAS, IFS के योग्य तैयारियों हेतु सफल हो सके। लाईब्रेरी पूरी तरह से एयर कूल्ड होगी, साथ ही विद्यार्थियों की सुविधा के लिए इस तरह से तैयार की गई है कि सभी 8 से 10 घंटे तक निर्विघ्न पढ़ाई कर सकें। इसके साथ ही समय समय पर विषय विशेषज्ञों के द्वारा भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया जाएगा। समाज के विद्यार्थियों इस लाईब्रेरी में प्रवेश के लिए माली संस्थान, जोधपुर में संपर्क कर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते है।

लाइब्रेरी में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं के लिए पृथक हॉस्टल की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है वहां विद्यार्थियों के रहने व खाने पीने की भी व्यवस्था न्यूनत्तम दर पद संस्थान द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है। अधिक जानकारी के लिए विद्यार्थी समाज की वेबसाईट www.sainimalisamaj.com पर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# माली समाज सेवा संस्थान सिरोही में शिक्षा समिति की ओर से शिक्षण कक्षाओं का शुभारंभ



सिरोही। माली समाज सेवा संस्थान सिरोही में शिक्षा समिति की ओर से शिक्षण कक्षाओं का शुभारंभ माँ सरस्वती को माला पहनाकर हुआ। शिक्षा समिति के प्रमुख मोहनलाल माली ने बताया कि माली समाज सेवा संस्थान की ओर से ग्रीष्मकालीन अवकाश में माली समाज के छात्र– छात्राओं के लिए कक्षा 6 से 8 और कक्षा 9 से 10 के लिए रचनात्मक विषयवार कमजोरी दूर करने के लिए शिक्षण कक्षायें अलग अलग समूह की शरुआत की।

जिसका समय प्रातः 8.30 से 10.30 का रहेगा। जिसमे प्रथम दिन गणित और अंग्रेजी विषयो की कक्षाये चलाई गयी ओर इनके साथ मनोरंजन हेतु खेलकूद, वर्ग पहेली व सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी चलाया गया। शुभारंभ में मोहनलाल माली, पूर्व प्रधानचार्य, सचिव घनश्याम लाल माली, छोगाराम माली नर्सरी, कानाराम माली बालदा, डायालाल माली बरलूट, ताराराम डी माली, अमृतलाल माली, हरिलाल माली, छगनलाल माली, भंवरलाल माली, वरदीचंद माली एवम किशोर माली आदि अध्यापक उपस्थित थे।

# समाज गौरव नरेंद्र कच्छवाहा ने बालिका छात्रावास हेतु दान की जमीन



रानी, फालना। 13 जून को गुरुवार रानी स्टेशन कचवाह ट्रैवलर्स में माली समाज की बैठक आयोजित की गई जिसमें महिला शिक्षा और समाज बंधुओं द्वारा विशेष चर्चा की गई जिसमें नरेंद्र सिंह कच्छवाहा द्वारा अपने स्वंम की खातेदारी भूमि खसरा संख्या 619 कुल रकबा 0.86 हेक्टर मै से दक्षिण दिशा में बालिका छात्रावास हेतु डेढ़ बीघा जमीन बालिका छात्रावास हेत निशुल्क भूमि भेंट की घोषणा की। जिसमें समाज के वरिष्ठ जन मोती बाबा फुले, फालना गांव चंपालाल माली रानी गांव, कांतिलाल माली खिमेल, जयंतीलाल माली खिमेल, शिवरतन माली कोशलाव, ताराचंद माली रानी, चंपालाल माली खिमेल उपस्थित थे।

उक्त भूमि भेंट पर समाज बंधु असलाराम माली खिमेल, मांगीलाल माली रानी, मगराज वरकाणा द्वारा दूरभाष पर सहमती ली गई एवं सभी समाज के बंधु द्वारा नरेंद्र सिंह पुत्र मूल सिंह कच्छवाहा का आभार व्यक्त किया नरेंद्र सिंह कच्छवाहा उक्त भूमि अपने माता श्री व पिता श्री की स्मृति में व श्रीमती सुषमा पत्नी नरेंद्र सिंह कच्छवाहा की प्रेरणा से समाज को भेट की नरेंद्र सिंह जी द्वारा समाज को अवगत कराया कि वे डेढ़ बीघा भूमि का समाज के नाम से रजिस्ट्री करवायेंगे। बैठक में वीरेंद्र सिंह पुत्र उमेद सिंह जी कच्छवाहा की प्रेरणा स्त्रोत रहे नरेन्द्र सिंह पुत्र मुलसिंह विरेन्द्र सिंह पुत्र उमेद सिंह कच्छवाहा को साफा वह माला पहनाकर स्वागत एवं सत्कार किया गया।

# समाज का विद्यार्थी प्रेरणा शिविर, लक्ष्य पाने के लिए नियमित अभ्यास जरुरी




भीनमाल। शहर के माली समाज भवन क्षेमंकरी माता मंदिर तलहटी पर रविवार को संत श्री लिखमीदास सेवा संस्थान के तत्वावधान में विद्यार्थियों का प्रेरणा शिविर हुआ। शिविर में 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आगाज संत लिखमीदास, महात्मा ज्योति बा फूले एवं सावित्री बाई फूले की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। एडीडीईओ मुकेश सोलंकी ने कहा कि सफलता के लिए विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन करना होगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपने से नकारात्मक विचार को हटा कर नियमिति अभ्यास करें। उन्होंने संत लिखमीदास सेवा समिति संस्थान की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान ऐसे प्रेरणा शिविर लगाकर विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। प्रोफेसर बाबूलाल देवड़ा ने कहा कि सी समय पर उचित मार्गदर्शन नहीं मिलने से बच्चे अपनी क्षमता के अनुसार विषय का चयन रहीं कर पाते है इससे विद्यार्थी पिछड़ जाते है। उन्होंने कहा कि सामाजिक स्तर पर हमारी इच्छाओं को आगें बढ़ाना है। लड़कियों के प्रति यहां की रूढ़ीवादी सोच है उसे बदलना होगा। छात्र छात्राओं को उनकी रूची के अनुसार आगे बढ़ने में मदद करनी होगी। विद्यार्थियों को 10वीं के बाद उचित मार्गदर्शन की आवश्यकता रहती है। सोच की सीमओं को तोड़ना होगा।

पूर्व प्रधानाचार्य ब्रह्मसिंह गहलोत ने कहा कि निरंतर प्रयास से सफलता निश्चित मिलती है जान पहचान एवं मार्गदर्शन से प्रतिभाएं आगे बढ़ेगी। वर्तमान में कोचिंग क्लासेज व विद्यालयों की आवश्यकता है। पुलिस निरीक्षक देवेन्द्र कच्छवाहा ने सफलता के लिए लक्ष्य निर्धारित कर आग बढ़ने की बात कही उन्होंने कहा कि एक बार में सफलता नहीं मिलने से निराश नहीं होना चाहिए। नरेन्द्र पंवार ने विभिन्न उदाहरण देते हुए विद्यार्थियों को तार्किक क्षमता बढ़ाने की बात कही। उन्होंने कहा कि मार्गदर्शन के अभाव में प्रतिभाएं आगे नहीं बढ़ पाती है। व्याख्याता ममता सुंदेशा ने कहा कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने आज अति आवश्यक है। घर की परिस्थितियां विपरित होने के बाद भी शिक्षा के प्रति जज्बा रखें। उन्होंने कहा कि शादी के बाद भी पढ़ाई जारी रखें। असफलता से निराश न होकर दृढ़ संकल्प लेकर जीवन को आगे बढ़ाने की आवश्यकता रहती है। जीवन में नकारात्मक सोच को दूर रखकर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना होगा।

इस अवसर पर फ्लाईंग ऑफिसर मनोज सैनी ने आर्मी कॉपीटिंशन की तैयारी के बारे में बताया। समारोह को नितिन देवड़ा, लक्ष्मण टाक, व्याख्याता सांवलाराम गहलोत, धन्नाराम सुंदेशा पीईईओ रेशाराम सुंदेशा, सीए प्रवीण परिहार, जितेन्द्र सुंदेशा व नरेश सोलंकी ने भी संबोधित किया। समारोह का संचालन पारसमल सांखला ने किया। संस्थान के सचिव भंवरलाल सोलंकी ने अतिथियों व आगन्तुकों का आभार प्रकट किया। इस मौके पर बाबूलाल सुंदेशा, भंवरलाल परमार, लालाराम परमार, सुरेश सोलंकी, बाबूलाल परमार, मांगीलाल परमार, सीएल गहलोत, हीरालाल सोलंकी, हितकारी सेवा संस्थान के अध्यक्ष प्रकाश सुंदेशा, हीरालाल सुंदेशा, चेतन गहलोत, प्रवीण सोलंकी दिलीप सोलंकी, पारसमल सुंदेशा सहित कई लोग मौजूद थे।

# 13 साल पहले एक हाथ खोकर भी तैराकी–एथलेटिक्स में जीते मेडल अब दूसरा हाथ भी गंवाया, हौसला अब भी पैरा ओलिपिंक खेलने का

## युवा दिव्यांग पिंटू गहलोत ने हाथ खोए हौसला नहीं, स्विमिंग पूल की सफाई करते लोहे का डंडे बिजली लाइन से छुआ, हाथ काटना पड़ा, अब पैरों से करेंगे तैराकी



जोधपुर। महज 34 साल के जीवन में दो हादसों में पिंटू गहलोत ने अपने दोनों हाथ खो दिए, लेकिन हौसला नहीं खोया। तैराक पिंटू कहते हैं कि जब तक शरीर में जान है, जीवन का एक ही लक्ष्य है, पैरा ओलिंपिक में खेलना। स्विमिंग कोच पिंटू अपनी तैयारी के साथ ही पैरा खिलाड़ियों और बच्चों को स्विमिंग के गुर सिखा रहे हैं। 13 साल पहले हादसे में पिंटू का दांया हाथ कंधे से काटना पड़ा। उन्होंने हिम्मत नहीं हारी व पैरा स्वीमर के रूप में विशेष पहचान बनाई व कई रिकॉर्ड भी बनाए। स्विमिंग एकेडमी में बच्चों को ट्रेनिंग देते और खुद भी तैयारी करते। इस 16 मई को वे स्विमिंग पूल को करीब 16 फीट का लोहे का डंडा लेकर साफ कर रहे थे। इस दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया, जमीन पर गिरने से पहले ही डंडा ऊपर हाइटेंशन लाइन से टकराया। हाई वोल्टेज के करंट के झटके से वे सीधे पूल में गिरे। उन्हें तुरंत निकालकर एमजीएच बर्न यूनिट में भर्ती कराया। वहां इलाज के दौरान उनका दूसरा हाथ भी काटना पड़ा। इसके बावजूद पिंटू ने हौसला नहीं खोया है। वे कहते हैं–पैरा ओलिंपिक में भाग लेने का लक्ष्य पाने की कोशिश करता रहूंगा। पिंटू बीए, बीएड कर चुके हैं।

पैरा स्विमिंग की 17 नेशनल और 4 स्टेट प्रतियोगिता में भाग ले चुके हैं। 2005 में स्टेट पैरा चौंपियनशिप में एक गोल्ड और एक सिल्वर, 2006 से 2008 तक पैरा एथलेटिक्स में 6 गोल्ड व 2 सिल्वर, 2007 में पैरा नेशनल चौंपियनशिप में नौकायन के टीम इवेंट में 1 गोल्ड व 2 कि मी तैराकी में 5वां स्थान, 2009 में नेशनल पैरा चौंपियनशिप में चौथा स्थान, 2010 में नेशनल एथलेटिक्स में भाला व तश्तरी फेंक में गोल्ड, 2010 से 15 तक ऑल इंडिया पैरा चौंपियनशिप में चौथा व पांचवां स्थान, 2016 में प्रथम पैरा स्पोर्ट्स स्विमिंग चौंपियनशिप में 2 गोल्ड, 1 सिल्वर व 1 ब्रॉन्ज मेडल, 2017 में 3 गोल्ड व 1 सिल्वर मेडल जीत चुके हैं। वे 2012 में गणतंत्र दिवस पर जिलास्तरीय सम्मान, विश्व विकलांगता दि वस पर राज्य स्तर पर विशेष योग्यजन पुरस्कार से सम्मानित हो चुके हैं। स्टेट व नेशनल लेवल गेम्स में जीते थे मेडल।

**श्रमिक पिता भी जख्मी , उनका इलाज नहीं करवा पा रहे पिंटू कहते हैं**– पापा मजदूरी कर और वे स्विमिंग सिखाकर घर चला रहे हैं। कुछ दिन पहले ही सगाई की बात चल रही थी, हालांकि डेट फाइनल नहीं हुई थी। अब यह हादसा हो गया। दुख केवल ये है कि पापा का भी एक्सीडेंट हुआ था। उनके तीन फ्रैक्चर हुए, पर पूरा इलाज नहीं करा पा रहा हूं। अत्यंत खेद की बात है समाज के होनहार खिलाड़ी पिंटू गहलोत के साथ ऐसा दर्दनाक हादसा हुआ जिसके कारण उसका दूसरा हाथ भी काटना पड़ा। एक रुहाथ पूर्व में हादसे में काट जा चुका है। पिंटू गहलोत का एक हाथ करीब पन्द्रह साल पहले उसका रोड ऐक्सिडेंट में चला गया था लेकिन उसने अपनी कमजोरी से हार नहीं मानी और कठिन परिस्थितियों के बावजूद स्विमिंग में अपनी कड़ी मेहनत से नेशनल्स तक स्वर्ण मेडल जीता। साथ में भी अनेकों प्रतियोगिताओं में मेडल हासिल किया ।

**हम सभी मिलकर समाज की और से मुहिम चलाकर पिंटू गहलोत आजीविका के लिए कुछ ऐसा बंदोबस्त करें जिससे वो होनहार खिलाड़ी अपनी बाकी जिंदगी सम्मान से जी सके।उसका ईलाज जोधपुर के महात्मा गांधी अस्पताल के बर्न युनिट में हुआ था। इस पूरे इलाज प्रकरण में समाजसेवी जसवंत जी कच्छवाहा, पूर्व जेडीए चैयरमेन राजेंद्र सोलंकी, श्रीमती कुन्ती परिहार देवड़ा व शहर विधायक श्रीमती मनीषा पंवार ने इलाज में मदद की है। हम सभी उनके आभारी है।**

**आप सभी इस संबध में मदद करने का प्रयास करें। समाज की सभी संस्थाओं एवं भामाशाहों से अपील आप सभी आर्थिक सहयोग से अपने दोनों हाथ गंवाने के बाद भी हौसले नहीं हारने वाले खिलाड़ी की मदद करे।**

**समाज के होनहार दिव्यांग खिलाड़ी पिंटू सुपुत्र ओमप्रकाश की आर्थिक सहायता नीचे दिए गए अकाउंट में रुपए जमा करवा कर कर सकते है**

| | |
|---|---|
| नाम | : पिंटू पुत्र ओमप्रकाश गहलोत |
| पता | : हनुमान पूरा, चोखा, जोधपुर |
| मोबाइल | : 8107561431, 8890255252 |
| बैंक | : स्टेट बैंक ऑफ इंडिया |
| ब्रांच | : चौपासनी हाउसिंग बोर्ड, जोधपुर |
| अकाउंट नंबर | : 20064674783 |
| IFSC CODE | : SBIN0012846 |

## 'कवि कृष्ण कुमार सैनी को मिला राजस्थान शिक्षा एवं साहित्य गौरव सम्मान'

दौसा। जे वी पी मीडिया ग्रुप के तत्वावधान में आयोजित राजस्थान शिक्षकों का सम्मान समारोह सम्मान समारोह का आयोजन शिक्षा राज्य मंत्री राजस्थान सरकार श्री गोविंद सिंह डोटासरा के मुख्य आतिथ्य एवं निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान श्री नथमल डिडेल(आईएएस) की अध्यक्षता में पिंक सिटी प्रेस क्लब,नारायण सिंह सर्किल,जयपुर(राजस्थान) में भव्य समारोह के रूप में संपन्न हुआ। विशेष अतिथि डॉ अशोक कुमार (अति. कलेक्टर एवं अति. जिला मजिस्ट्रेट,जयपुर) हरेंद्र कुमार (आईपीएस,जिला पुलिस अधीक्षक, जयपुर ग्रामीण)सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

इस समारोह में संपूर्ण राजस्थान से विशेष प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। जिसमें 'देवनगरी दौसा जिले के के निवासी कवि कृष्ण कुमार सैनी को निजी शिक्षक एवं राष्ट्रीय कवि के रूप में राजस्थान शिक्षा एवं साहित्य गौरव सम्मान' से सम्मानित किया। दौसा जिले के वरिष्ठ साहित्यकार श्री रवीन्द्र चतुर्वेदी ने बताया कि शैक्षणिक नवाचार एवं साहित्य सृजन के साथ–साथ राष्ट्रीय कवि चौपाल,शाखा दौसा की स्थापना कर कवियों को समुचित मंच एवं प्रोत्साहन दिलाने के लिए कवि कृष्ण कुमार सैनी को यह सम्मान प्रदान किया गया।

# मां बाप चिल्लाते रहे, बालिका को उठा ले गए बदमाश विरोध करने पर जान से मारने की धमकी, 5 दिनों से भटक रहे है बालिका के परिजन

गंगापुर सिटी । सदर थाना पुलिस क्षेत्र के गांव खुदस्या गांव में पांच दिन पहले रात में शातिर बदमाश मां–बाप के सामने एक नाबालिग बालिका को उठा ले गए। मां –बाप चिल्लाते रहे, लेकिन उन्होंने किसी की भी नहीं सुनी। पांच दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने अभी तक आरोपितों को ना तो गिरफ्तार किया है ना ही बालिका को बरामद किया। इसे लेकर माली समाज के लोगों में पुलिस के खिलाफ रोष है। बालिका के पिता ने इस संबंध में सदर थाना पुलिस में मामला दर्ज कराया है।

रिपोर्ट के अनुसार 17 जून 2019 की रात को पप्पू माली अपने मकान के बाहर चौक में सो रहा था। उसकी पुत्री व पत्नी घर में सो रही थी। करीब एक बजे जब उसकी पत्नी व बच्ची लघुशंका करने घर से बाहर आई तो उसकी पत्नी को भगवान सिंह गुर्जर पुत्र रामकिशन गुर्जर निवासी सूरगढ़ (बामनवास) व उसके दो अन्य साथियों ने धक्का देकर दूर कर दिया और नाबालिग बालिका के मुंह पर कपड़ा बांधकर उसे उठा ले गए।

बालिका के चिल्लाने पर उसका पिता आया, लेकिन भगवान सिंह के हाथ में रिवाल्वर थी। उसने बालिका की मां व पिता को धमकाया और जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीडि़त मां पिता ने आसपास गांवों में तलाश किया लेकिन उसकी बच्ची अभी तक नहीं मिली। इस पर सदर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है।

इस घटना के बाद आक्रोशित माली समाज के लोगों ने शुक्रवार को विधायक रामकेश मीणा से मुलाकात की। ग्रामीणों के साथ पूर्व पालिकाध्यक्ष रामप्रसाद माली, मोतीलाल, रामस्वरूप माली, बाबूलाल, मोती सरपंच, हरिकिशन माली, कुंजीलाल सैनी, रामकेश सैनी, रघुवीर सैनी, रामस्वरूप खिरखिड़ा सहित कई लोगों ने विधायक को घटना से अवगत कराया। विधायक ने घटना पर दुख प्रकट करते हुए बताया की गत दिनों बाटोदा में भी मीणा समाज के युवक के साथ मारपीट कर उस पर जानलेवा हमला किया। पुलिस में नामजद मामला दर्ज होने के बावजूद आरोपितों को नहीं पकड़ा है। इससे कानून व्यवस्था खराब हो रही है। उन्होंने पुलिस को कानून व्यवस्था की स्थिति सही करने की हिदायत दी।

सदर थाना पुलिस क्षेत्र के गांव खुदस्या में पांच दिन पहले नाबालिग के अपहरण का मामला गरमा गया है। शनिवार को सैकड़ों की तादात में माली समाज के लोग दोपहर 12 बजे कल्याणजी गेट के पास कन्हैया पटेल के निवास पर एकत्र हुए। बाद में समाज के लोग रैली के रूप में शहर के चौपड़ बाजार, देवी स्टोर चौराह, नेहरु पार्क होते हुए विधायक रामकेश मीना के नेतृत्व में मिनी सचिवालय पहुंचे। जहां उन्होंने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही नाबालिग बालिका को बरामद करने व आरोपित को शीघ्र ही गिरफ्तार करने की मांग की।

विधायक रामकेश मीणा ने कहा कि पुलिस अभी तक आरोपितों का सुराग नहीं लगा पाई है ना ही बालिका को बरामद किया है। इससे पुलिस प्रशासन से लोगों का विश्वास उठ गया है। विधायक मीणा ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर पांच दिन में आरोपितों को नहीं पकड़ा गया व बालिका को बरामद नहीं किया तो माली समाज के सैकड़ों लोगों के साथ एक बार फिर मिनी सचिवालय पर आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने पुलिस प्रशासन को चेतावनी दी कि पांच में आरोपितों की गिरफ्तारी हो जानी चाहिए नहीं तो शहर में चक्का जाम किया जाएगा। इस दौरान माली समाज के पूर्व पालिकाध्यक्ष रामप्रसाद माली, मोतीलाल, रामस्वरूप माली, बाबूलाल, मोती सरपंच, हरीकिशन माली, कुंजीलाल सैनी, रामकेश सैनी, रघुवीर सैनी, रामस्वरूप खिरखिड़ा, रामसिंह सैनी, काडूराम, उदयराज, दिनेश चंद, प्रहलाद, पुखराज सैनी सहित माली समाज के कई लोग मौजूद थे।

**पुलिस ने मांगी पांच दिन की मोहलत**

माली समाज के लोगों ने विधायक रामकेश मीना के नेतृत्व में पुलिस उपाधीक्षक को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर आरोपितों को गिरफ्तारी करने की मांग की। इस पर उपाधीक्षक ने विधायक व माली समाज के लोगों को आश्वासन दिया कि आरोपितों को एक सप्ताह में पकड़ लिया जाएगा, लेकिन माली समाज के लोग उत्तेजित हो गए। उन्होंने पांच दिन में आरोपितों की गिरफ्तारी व बालिका को बरामद करने की मांग की। विधायक ने कहा कि अगर आरोपित पांच दिन में गिरफ्तार नहीं हुए तो वह माली समाज के लोगों के साथ मिनी सचिवालय में पुलिस प्रशासन के साथ दो दो हाथ करेंगे। इस दौरान एसडीएम विजेंद्र कुमार मीना सहित अन्य पुलिस के अधिकारी मौजूद थे। घटना के विरोध में प्रदेश भर मे समाज की विभिन्न संस्थाओं ने ज्ञापन दे आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की।

# रोशन सैनी बनें जिला माली (सैनी) समाज के निर्विरोध अध्यक्ष



जयपुर जिला माली (सैनी) समाज संस्था जयपुर के 23 जून 2019 को द्वी वार्षिक संम्पन्न होने जा रहे चुनावों से पूर्व आज दिनांक 12 जून 2019 को मैदान में चुनाव लड़ने वाले नामाँकित प्रत्याशी रोशन सैनी, रामकरन सैनी, गोपाल बबेरवाल, राजेन्द्र मावर, भवानी शंकर माली एंव श्रीमती सुनीता सैनी में मुकाबले से पहले नाम वापस लेने की निर्धारित समय पर श्री गोपाल बबेरवाल व राजेन्द्र मावर ने अपने उम्मीदवारी का नाम वाप ले लिया।

तदुपरांत शेष चार प्रत्यासी के बीच आपसी सर्व सम्मति बनाने जाने हेतु राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा (रजि०) प्रदेशाध्यक्ष छुट्टन लाल सैनी फूलवाले,संरक्षक बिरदीचंद सिंगोदिया, उपाध्यक्ष, बजरंग पंवार, वरिष्ठ महामंत्री राजेन्द्र मावर, सीताराम सैनी (पट्रोल पम्प), रामशरण सैनी सहित समाज के अन्य उपस्थित गणमान्य समाज बंधुओं ने चुनाव प्रकिया से दीगर आम सहमति से निर्विरोध अध्यक्ष बनाये जाने पर समाज हित में बल दिया जिसपर सभी ने सयुंक्त निर्णय लेते हुए रोशन सैनी को अध्यक्ष चुने जाने का प्रस्ताव रखा था साथी शेष रहे श्री रामकरन सैनी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष,श्रीमती सुनीता सैनी जी को उपाध्यक्ष, भवानी शंकर माली को महामंत्री बतौर कार्यकारिणी में रखे जाने का प्रस्ताव रखा जिस पर उपस्थित सभी समाज बंधुओं एंव प्रत्याशियों ने भी अपनी स्वीकृति प्रकट की सर्व सहमति से प्रकट निर्णय पर काफी मंथन करने उपरान्त सभी ने करतल ध्वनि से निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष रोशन सैनी एवं सर्वसहमति से कार्यकारणी के सदस्यों को बधाई दी तथा संस्था के पूर्व अध्यक्ष श्री ओम राजोरिया जी ने सभी साथियों को हार्दिक बधाई एंव शुभकामनाएं प्रकट की। शेष प्रत्याशियों ने अपने अपने नामाँकन वापस लेकर चुनाव अधिकारी को विधिवत नये अध्यक्ष की समय पर निर्वाचन घोषणा पर विश्वास प्रकट किया।

इस चुनावी प्रक्रिया में मुख्य चुनाव अधिकारी भागचंद सैनी सहायक चुनाव अधिकारी सुरेश सैनी एवं शांति कुमार ने विगत एक माह से चुनाव प्रक्रिया में मेहनत कर इसे सफल बनाया इस मौके पर समाज के वरिष्ठ एवं युवा समाज बंधुओं ने सभी का आभार प्रकट किया।

### गंगापुर माली समाज का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

# सामाजिक, शैक्षिक उत्थान व राजनीतिक चेतना आज की महती आवश्यकता : माली

गंगापुर (भीलवाड़ा) 31 मई। सामाजिक एवं शैक्षिक उत्थान तथा राजनीतिक चेतना आज की महती आवश्यकता है। इसके बगैर कोई स्वजातीय संगठन तरक्की नहीं कर सकता है। उक्त विचार गंगापुर स्थित माली समाज की धर्मशाला में आयोजित माली समाज की नव निर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में माली (सैनी) महासभा के जिलाध्यक्ष गोपाल लाल माली ने मुख्य अतिथि पद से व्यक्त किये। उन्होंने यह भी कहा कि किसी के पिछलग्गू होने से माली समाज का भला नहीं होने वाला है। हम तभी मजबूत होंगे जब जागरूक रहेंगे।

गंगापुर माली समाज के चुनाव हाल ही में 26 मई को सम्पन्न हुए। जिसमें गोवर्धन गहलोत ने 74 मतों से जीत दर्ज की। इसी के साथ कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आज गंगापुर स्थित माली समाज की धर्मशाला में आयोजित किया गया। कार्यकारिणी को माली (सैनी) महासभा के जिलाध्यक्ष गोपाललाल माली व युवा महासभा के जिलाध्यक्ष हरनारायण माली ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष गोवर्धन गहलोत के साथ ही कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों को समाजहित में कार्य करने की शपथ दिलवाई। शपथ ग्रहण समारोह को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित करते हुए समाज की एकजुटता व राजनीतिक जागृति लाने पर बल दिया। समारोह में कन्हैयालाल माली, भैरूलाल माली विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूवात समाज के महान पुरोधा महात्मा ज्योतिबा फूले व संत लिखमीदासजी महाराज के चित्र के समक्ष माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर की। इस समारोह में माली समाज की कार्यकारिणी के मार्गदर्शन के लिए माली समाज के बुद्धिजीवियों का एक संरक्षक मंडल का गठन भी किया गया जिनमें नरेन्द्र राजोरिया, गिरधर राजोरिया, छगन सिंगोदिया, हजारी सांखला, मनोहर बघेरवाल, गंगासिंह राजोरिया, बद्रीलाल टांक, रामसहाय कटारिया और कैलाश दगदी को शामिल किया गया।

कार्यक्रम का संचालन गंगापुर माली समाज के पूर्व अध्यक्ष रामसहाय माली ने किया।

**इन पदाधिकारियों ने ली शपथ :–**

गोवर्धन लाल गहलोत (अध्यक्ष), भैरूलाल तुन्दवाल, बरदीचंद सिंगोदिया (उपाध्यक्ष), गोवर्धन मारोठिया (कोषाध्यक्ष), गजेन्द्र गहलोत (महामंत्री) के साथ ही 13 कार्यकारिणी सदस्यों ने भी शपथ ली जिनमें नन्दकिशोर गहलोत, बद्रीलाल राजोरिया, जगदीश जादम, शिवलाल टांक, बाबूलाल माली, पंकज राजोरिया, अनिल राजोरिया, भारत इंदोरा, सुनील कंवर, विजय कुमार राजोरिया, धनराज माली, सुरेश पंवार व अशोक गहलोत शामिल थे।

# सामुहिक सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन

सैनिक क्षत्रिय माली सैनी समाज नागौर के तत्वावधान में सामूहिक रूप से समवेत स्वर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ । ताऊसर रोड , एमडीएच के पास निर्माणाधीन छात्रावास भवन में यह कार्यक्रम हुआ।

पंडित सुनील दाधीच के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ जन , विद्यार्थी बंधुओं , मातृशक्ति ने सुंदरकांड पाठ का लाभ लिया । इस अवसर पर सैनिक क्षत्रिय माली संस्थान नागौर के अध्यक्ष रामस्वरूप पंवार , उपाध्यक्ष रामजस भाटी , सचिव रामकुमार सोलंकी , सदस्य रमेश सोलंकी , सह सचिव देवकिशन भाटी , धर्मेंद्र सोलंकी , रामेश्वर पंवार ,राजेन्द्र पंवार , कालूराम सोलंकी , राजेश सांखला , मेहराम सांखला ने आगंतुक समाज बंधुओं का स्वागत किया ।

